भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 552
दिनांक 23.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेशी जहाजों पर फंसे भारतीय नाविक

552 श्रीमती सागरिका घोष:

क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशी जहाजों पर फंसे भारतीय नाविकों की संख्या कितनी है;
(ख) उन्हें भारतीय मिशनों द्वारा क्या सहायता दी गई है; और
(ग) क्या उन्हें आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कोई मानक नयाचार मौजूद है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशी जहाजों पर फंसे भारतीय नाविकों की संख्या अनुबंध 'क' में दी गई है।

(ख) और (ग) भारतीय मिशन/केंद्र भारतीय नाविकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देते हैं। जैसे ही भारतीय नाविकों के संबंध में कोई अनुरोध प्राप्त होता है, संबंधित मिशन/केंद्र भारतीय नाविकों की कुशल-क्षेम सुनिश्चित करने और कोंसली सहायता एवं चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक मदद और सहयोग प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करता है। आवश्यकता के आकलन के आधार पर भारतीय समुदाय कल्याण कोष(आईसीडब्ल्यूएफ़) के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। हर संभव कोंसली सहायता देने के अलावा, मिशन/केंद्र जहाँ भी आवश्यकता हो, कानूनी सहायता प्रदान करने में भी मदद करते हैं। स्वदेश वापसी के मामले में, मिशन/केंद्र भारत वापसी को सुगम बनाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज़ प्रदान करते हैं।

नाविक, शिपिंग कंपनी, स्थानीय अधिकारियों, परिवार के सदस्यों या अन्य संबंधित पक्षों से अनुरोध या जानकारी प्राप्त होने पर, भारतीय मिशन/केंद्र स्थान, पोत का नाम और आपात स्थिति की प्रकृति सहित मामले के बुनियादी विवरण दर्ज करते हैं तथा नाविक की पहचान और राष्ट्रीयता का सत्यापन करते हैं।

भारतीय मिशन/केंद्र किसी भी चिकित्सा, सुरक्षा, कानूनी या मानवीय चिंताओं सहित मामले की तात्कालिकता का आकलन करते हैं और स्थानीय समुद्री अधिकारियों, आव्रजन अधिकारियों, पत्तन अधिकारियों तथा शिपिंग कंपनी के साथ उचित रूप से समन्वय करते हैं। ऐसे मामलों में जहाँ निकासी आवश्यक और व्यवहार्य मानी जाती है, भारतीय मिशन/केंद्र स्थानीय कानूनों और लागू नियमों के अधीन सभी संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय करते हैं।

अनुबंध - क

देश का नाम	2023 में विदेशी जहाजों पर फंसे भारतीय नाविकों की संख्या	2024 में विदेशी जहाजों पर फंसे भारतीय नाविकों की संख्या	2025 में विदेशी जहाजों पर फंसे भारतीय नाविकों की संख्या
अल्बानिया	0	0	5
ब्राज़ील	0	0	1
क्रोएशिया	0	0	1
ज़िबूती	7	0	37
मिस्र	0	18	1
इरिट्रिया	0	0	23
ग्रीस	6	0	0
इंडोनेशिया	0	0	31
इटली	0	9	1
लेबनान	0	1	0
मलेशिया	0	14	34
मोज़ाम्बिक	0	2	0
नाइजीरिया	0	2	10
कतर	0	0	2
सऊदी अरब	0	0	25
सिंगापुर	0	16	0
दक्षिण अफ्रीका	6	4	13
ट्यूनीशिया	0	0	1
तुर्किये	0	32	48
संयुक्त अरब अमीरात	37	34	90
यमन	0	0	6
कुल	**56**	**132**	**329**

*****